अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
(हिंदी अनुभाग)
अंसारी नगर, नई दिल्ली-29.

फा.सं.7-1/2024-हिं.अ.

दिनांक: 17.05.2024

विषय: संस्थान की वेबसाइट द्विभाषी होने संबंधी।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 22.03.2024 को अपर निदेशक (प्रशासन) महोदय की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई थी। इस बैठक के कार्यवृत्त की मद सं. 05 पर समिति द्वारा विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत निम्नलिखित निर्णय लिया गया था कि:- **"कंप्यूटर सुविधा द्वारा संस्थान की वेबसाइट पर केवल द्विभाषी रूप में ही प्रत्येक कागजात को अपलोड किया जाए।"**

अत: संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा लिए गए उक्त निर्णय के अनुपालन में संस्थान के सभी विभागों/अनुभागों/केंद्रों से अनुरोध किया जाता है कि अपने विभाग/अनुभाग/केंद्र से संबंधित पत्रों/परिपत्रों/ज्ञापनों आदि को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवाने से पहले हिंदी अनुभाग से उनका हिंदी रूपांतर करवाकर संबंधित विभाग/अनुभाग/केंद्र के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित कागजात को केवल द्विभाषी रूप में ही अपलोड करने हेतु कंप्यूटर सुविधा को भेजा जाए ताकि संस्थान की वेबसाइट को द्विभाषी रूप में अद्यतन रखा जा सके।

इसके साथ-साथ, कंप्यूटर सुविधा से भी यह अनुरोध किया जाता है कि जब भी किसी विभाग/अनुभाग/केंद्र से कोई तत्काल प्रकृति का कागजात केवल अंग्रेजी में ही एम्स की वेबसाइट पर अपलोड होने के लिए कंप्यूटर सुविधा को प्राप्त होता है तो उस कागजात को एम्स की वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ-साथ कंप्यूटर सुविधा द्वारा संबंधित विभाग/अनुभाग/केंद्र से यह भी अनुरोध किया जाए कि उक्त कागजात का हिंदी रूपांतर हिंदी अनुभाग से करवाकर कंप्यूटर सुविधा को उपलब्ध करवाया जाए ताकि कंप्यूटर सुविधा द्वारा संस्थान की वेबसाइट पर केवल द्विभाषी रूप में ही प्रत्येक कागजात को अपलोड किया जा सके।

कृपया इसे आवश्यक अनुपालन हेतु जारी किया जाता है।

दिव्या

(दिव्या यानामदाला)
वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं
राजभाषा अधिकारी

वितरण:- सभी विभाग/अनुभाग/केंद्र।

प्रतिलिपि:-

- निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक/अनुसंधान/परीक्षा)/चिकित्सा अधीक्षक महोदया के निजी सचिव।
- अपर निदेशक (प्रशासन)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदया के निजी सचिव।
- उप-सचिव महोदय के निजी सचिव।
- मुख्य प्रशासन अधिकारी/वित्त सलाहकार/अधीक्षण अभियंता महोदय के निजी सचिव।
- प्रभारी आचार्य(कंप्यूटर सुविधा)- कृपया इसे एम्स की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें।